प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

20.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडैक्स रिपोर्ट में विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने में हिमाचल को देश भर में छठा स्थान प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। इस रिपोर्ट के अनुसार हिमाचल प्रदेश सात अंकों की छलांग लगाकर 13वें से छठे स्थान पर पहुंच गया है जबकि राज्यों की श्रेणी में हिमाचल तीसरे नम्बर पर है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए शिक्षा विभाग के सभी अध्यापकों, अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने गुणात्मक शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सुधारात्मक कदम उठाए हैं और सभी स्कूलों में पहली कक्षा से अग्रेजी माध्यम शुरू कर दिया गया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि सरकार द्वारा अध्यापकों को एक्सपोजर विजिट के लिए विदेश भेजा जा रहा है और उत्कृष्ट विद्यार्थियों को भी विदेश भ्रमण करवाया जा रहा है।

जनगणना

हिमाचल प्रदेश में जनगणना–2027 का पहला चरण 16 जून से शुरू हो रहा है जो 15 जुलाई तक चलेगा। जनगणना के सफल कार्यान्वयन को लेकर आज जनगणना कार्य निदेशालय शिमला में एक बैठक हुई जिसमें आकाशवाणी, दूरदर्शन, सीबीसी और पत्र सूचना ब्यूरो के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान जनगणना को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए रणनीति बनाई गई। जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक दीप शिखा शर्मा ने बताया कि जनगणना 2027 में पहली बार परिवार को स्व–गणना का विकल्प भी उपलब्ध होगा और लोग पहली से 15 जून तक ऑनलाइन माध्यम से वैब पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से जनगणना में सहयोग की अपील की है।

पंचायत चुनाव

प्रदेश में 26, 28 और 30 मई को होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। राज्य में एक सौ 31 पंचायतें निर्विरोध चुनी गई हैं जिनमें से सबसे अधिक 42 पंचायतें शिमला जिले की हैं। प्रदेश भर में एक सौ 76 पंचायत प्रधानों का चुनाव निर्विरोध हुआ है और इनमें से सबसे अधिक 51 पंचायत प्रधान शिमला जिले के हैं। चुनाव से जुड़े अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चुनाव आयोग के निर्देशों के मुताबिक इस बार बैलेट बॉक्स पर लगे क्यू आर कोड को स्कैन करने के बाद ही पोलिंग पार्टियां अपने–अपने गंतव्य स्थानों के लिए रवाना की जाएंगी। नाहन में भी आज मतदान अधिकारियों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण दिया गया। खण्ड विकास अधिकारी अंजलि गर्ग ने बताया कि 23 मई को तीसरे चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा।

शिक्षा मंत्री

शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आज से दो दिवसीय शिक्षा व करियर मार्गदर्शन मेला शुरू हुआ। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इसका शुभारम्भ किया। इस दौरान विद्यार्थियों व अभिभावकों को उच्च शिक्षा, करियर विकल्पों और विभिन्न व्यवसायिक कोर्स के बारे में जानकारी दी जा रही है। रोहित ठाकुर ने कहा कि इस तरह के एजुकेशन एक्सपो बच्चों के लिए मददगार साबित होते हैं और उन्हें बेहतर करियर चुनने का मार्गदर्शन मिलता है। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने हाल ही में घोषित हुए दसवीं व जमा दो कक्षा के परिणामों में 85 फीसदी या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग डेढ़ सौ विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री–भेंट

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज बंगलुरू में आध्यात्मिक गुरू व आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के संस्थापक श्री श्री रविशंकर से भेंट की। उन्होंने आश्रम में कार्यरत हिमाचल के लोगों से भेंट की और गौ–सेवा भी की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने श्री श्री रविशंकर को प्राकृतिक खेती व बेसहारा गौवंश के संरक्षण के लिए हिमाचल सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वित्त वर्ष के बजट में बेसहारा गौवंश के पुनर्वास के लिए कई नए प्रावधान किए गए हैं। श्री श्री रविशंकर ने हिमाचल सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती, गौ–संरक्षण व संवर्धन के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

——————————